भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.01.2023

आरेडिका में धूमधाम से मनाया गया 74 वाँ गणतंत्र दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 26.01.2023 को 74 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका आवासीय परिसर के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक श्री एस एस कलसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड, उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एण्ड गाइड जिला आरेडिका/रायबरेली आदि ने भाग लिया ।

महाप्रबंधक महोदय ने 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमसीएफ परिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा कि, हमारे देश केलिए यह गर्व की बात है कि भारत 1 दिसम्बर 2022 से 30 नम्बर 2023 तक जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है, तथा जी–20 का 18वॉ शिखर सम्मेलन 2023 में भारत में आयोजित किया जाएगा। हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए काम करें और देश की उन्नति में अपना योगदान दें।

आगे उन्होने आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन किया इसी क्रम में उन्होने कहा कि एमसीएफ विश्व स्तरीय कोचों का निर्माण कर यात्रियों कि लिए आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को पूरा कर रहा है, एवं अपने विकास की श्रृंखला में लगातार आगे बढ रहा है। आरेडिका भारतीय रेलवे के साथ–साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी कोचों का निर्माण कर अपनी विश्व बाजार में अच्छी छवि बना रहा है, जिम्बाब्वे रेलवे द्वारा भी 30 डेमू रैक के निर्यात करने का आशय पत्र प्राप्त हुआ है। अगले वित्त वर्ष से वन्देभारत कोचों का निर्माण प्रारम्भ हो जाएगा। आरेडिका रेल बोर्ड द्वारा प्राप्त लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है।

साथ ही उन्होने कहा कि, उत्पादन के साथ–साथ आरेडिका भारत सरकार की रेल कौशल विकास, आत्म निर्भर भारत जैसी योजनाओं में सरकार के कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया, विभिन्न विभागों के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाप्रबंधक महोदय, ने विभिन्न विभागों के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित रहे।

26/01/2023
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी